<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक- 27.07.2021

थाना जैदपुर पुलिस द्वारा अन्तरजनपदीय शातिर मारफीन तस्कर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 560 ग्राम मारफीन, 03 अदद मोबाइल फोन सहित तस्करी में प्रयुक्त कार बरामद-

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री यमुना प्रसाद द्वारा जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री मनोज कुमार पाण्डेय के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी सदर श्री राम सूरत सोनकर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जैदपुर के नेतृत्व में थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 27.07.2021 को मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर शातिर मारफीन तस्कर मो0 उबैद पुत्र मो0 इरफान निवासी टिकरा मुर्तजा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को बैशपुर तिराहा भानमऊ रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से 560 ग्राम मारफीन, एक अदद सैन्ट्रो कार नम्बर- UP 32 DQ 5516 व 03 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। अभियुक्तगण के विरूद्ध मु0अ0स0 234/2021 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि मै मारफीन की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर ग्राहकों को गांव के बाहर स्थान बदल-बदल कर बेचता था । अभियुक्त पूर्व में भी मारफीन तस्करी में जनपद अयोध्या से जेल जा चुका है।

<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-</u>

मो0 उबैद पुत्र मो0 इरफान निवासी टिकरा मुर्तजा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी ।

<u>बरामदगी का विवरण –</u>

1- 560 ग्राम मारफीन,

2- एक अदद सैन्ट्रो कार नम्बर- UP 32 DQ 5516

3- 03 अदद मोबाइल फोन

<u>आपराधिक इतिहास-</u>

1. मु0अ0सं0 178/15 धारा 8/21 NDPS एक्ट थाना पटरंगा जनपद अयोध्या
2. मु0अ0सं0 234/21 धारा 8/21 NDPS एक्ट थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी

<u>पुलिस टीम-</u>

1- प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी

2. व0उ0नि0 श्री मदनपाल थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी

3. हे0का0 राजेन्द्र यादव थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी

4. हे0का0 सुबेदार यादव, का0 शैलेन्द्र सिंह थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी